प्रेस नोट

यातायात प्रबंधन माघी पूर्णिमा

महाकुम्भ मेला क्षेत्र में माघी पूर्णिमा स्नान पर्व दिनांक 12.02.2025 हेतु यातायात प्रबन्ध

दिनांक 12.02.2025 को माघी पूर्णिमा पर्व के दृष्टिगत मेला क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन एवं सुरक्षा कारणों से मेला क्षेत्र में आने वाले समस्त वाहनों हेतु निम्नानुसार यातायात डायवर्जन/पार्किंग की व्यवस्था प्रस्तावित है:-

दिनांक 10.02.2025 को सायं 20.00 बजे से दिनांक 13.02.2025 को प्रातः 08.00 बजे तक अथवा भीड़ समाप्ति तक महाकुम्भ मेला क्षेत्र में प्रशासनिक/चिकित्सीय वाहनों के अतिरिक्त सभी प्रकार के वाहनों का संचरण प्रतिबंधित रहेगा।

महाकुम्भ मेला क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालु अपने वाहनो को निर्धारित 36 'पार्किंग' स्थलों पर खड़ा कर सकेंगे:-

(क) जौनपुर की तरफ से आने वाले वाहनों को

1- चीनी मिल पार्किंग

2- पूरे सूरदास पार्किंग गारापुर रोड

3- समयामाई मंदिर कछार पार्किंग

4- बदरा सौनौटी रहीमापुर मार्ग उत्तरी/दक्षिणी पार्किंग में पार्क कराया जाएगा |

निर्देश:- जौनपुर की तरफ से आने वाले वाहन उपरोक्त पार्किंग में अपने वाहनों को खड़ा करके पैदल ओल्ड जीटी मार्ग से मेला क्षेत्र में प्रवेश करेंगे |

(ख) वाराणसी की तरफ से आने वाले वाहनों को

1- महुआ बाग थाना झूसी पार्किंग [अखाड़ा पार्किंग]

2- सरस्वती पार्किंग झूसी रेलवे स्टेशन

3- नागेश्वर मंदिर पार्किंग

4- ज्ञान गंगा घाट छतनाग पार्किंग

5- शिव मंदिर उस्तापुर महमूदाबाद पार्किंग में पार्क कराया जाएगा।

निर्देश:- वाराणसी की तरफ से आने वाले वाहन उपरोक्त पार्किंग में अपने वाहनों को खड़ा करके पैदल छतनाग मार्ग से मेला क्षेत्र में प्रवेश करेंगे |

(ग) मिर्जापुर की तरफ से आने वाले वाहनो को

1- देवरख उपरहार पार्किंग उत्तरी/दक्षिणी

2- टेंट सिटी पार्किंग मदनुआ/मवईया/देवरख

3- ओमेंक्स सिटी पार्किंग

4- गजिया पार्किंग उत्तरी/दक्षिणी पार्किंग में पार्क कराया जाएगा

निर्देश:- मिर्जापुर की तरफ से आने वाले वाहन उपरोक्त पार्किंग में अपने वाहनों को खड़ा करके पैदल अरैल बांध रोड से मेला क्षेत्र में प्रवेश कर सकेंगे |

(घ) रीवा-बांदा-चित्रकूट की तरफ से आने वाले वाहनों को

1- नवप्रयागम पार्किंग पूर्वी/पश्चिमी/विस्तार

2- एग्रीकल्चर इंस्टीट्यूट पार्किंग यमुना पट्टी

3- महेवा पूरब/पश्चिम पार्किंग

4- मीरखपुर कछार पार्किंग में पार्क कराया जाएगा

निर्देश:- रीवा-बांदा-चित्रकूट से आने वाले वाहन उपरोक्त पार्किंग में अपने वाहनों को खड़ा करके पैदल ओल्ड रीवा मार्ग व न्यू रीवा मार्ग होकर अरैल बाँध से मेला क्षेत्र में प्रवेश कर सकेंगे

(ड़) कानपुर-कौशांबी की तरफ से आने वाले वाहनों को

1- काली एक्सटेंशन प्लाट नंबर 17 पार्किंग

2- इलाहाबाद डिग्री कॉलेज मैदान

3- पार्किंग दधिकांदो मैदान पार्किंग पार्क कराया जाएगा

निर्देश:- कानपुर-कौशाम्बी की तरफ से आने वाले वाहन उपरोक्त पार्किंग में अपने वाहनों को खड़ा करके पैदल जीटी जवाहर चौराहा होते हुए काली मार्ग से मेला क्षेत्र में प्रवेश कर सकेंगे |

(च) लखनऊ-प्रतापढ़ की तरफ से आने वाले वाहनों को

1- गंगेश्वर महादेव कछार पार्किंग

3- नागवासुकी पार्किंग

4- बक्शी बाँध कछार पार्किंग

5- बड़ा बागड़ा पार्किंग 01/02/03

6- आईईआरटी पार्किंग उत्तरी/दक्षिणी पार्किंग में पार्क कराया जाएगा |

निर्देश:- लखनऊ-प्रतापगढ़ की तरफ से आने वाले वाहन उपरोक्त पार्किंग में अपने वाहनों को खड़ा करके पैदल नागवासुकी मार्ग से मेला क्षेत्र में प्रवेश कर सकेंगे |

(छ) अयोध्या-प्रतापगढ़ की तरफ से आने वाले वाहनों को

1- शिव बाबा पार्किंग पार्किंग में पार्क कराया जाएगा

निर्देश:- अयोध्या-प्रतापगढ़ की तरफ से आने वाले वाहन उपरोक्त पार्किंग में अपने वाहन को खड़ा करके संगम लोवर मार्ग से पैदल मेला क्षेत्र में प्रवेश कर सकेंगे |

मेला क्षेत्र में पैदल आगमन करने वाले स्नानार्थियों व श्रद्धालुओं हेतु मार्ग:-

1. संगम आने का पैदल मार्ग- संगम आने वाले श्रद्धालुओं/स्नानार्थियों को जी०टी० जवाहर से प्रवेश कर काली सड़क आकर काली रैम्प से होते हुए संगम अपर मार्ग से संगम तक जा सकेंगे।

2. संगम से वापसी का पैदल मार्ग- संगम क्षेत्र से अक्षयवट मार्ग होते हुए इण्टर लाकिंग वापसी मार्ग त्रिवेणी मार्ग होते हुए अपने गंतव्य को वापस जा सकेंगे |

उल्लेखनीय है कि संगम मेला क्षेत्र में जाने हेतु प्रवेश मार्ग जवाहरलाल नेहरू मार्ग काली सड़क से एवं निकास मार्ग त्रिवेणी मार्ग प्रस्तावित है।

प्रमुख स्नान पर्व के दिनों में अक्षयवट दर्शन के लिए बन्द रहेगा |

मीडिया सेल

महाकुम्भ प्रयागराज